प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.05.2025 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर से देश के 103 स्थानों पर रेल्वे स्टेशनों के सुदृढीकरण कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे–इनमें प्रदेश के चार स्टेशन शामिल।

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेश भर में उत्साह का माहौल–विभिन्न स्थानों पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्राओं के आयोजन।

- प्रदेश से सांसद मदन राठौड़ और पी.पी. चौधरी का, संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चयन किया गया।

- राज्य में विभिन्न स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का असर बरकरार।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 मई को बीकानेर जिले के दौरे पर आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत श्री मोदी देश के 103 स्थानों पर रेलवे स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इनमें प्रदेश के देशनोक, बूंदी, मांडलगढ़ और गोगामेड़ी स्टेशन शामिल है। इन स्टेशनों में यात्रियों के लिए बेहतर वेटिंग एरिया, हाईटेक टिकट काउंटर, कैफेटेरिया, एस्केलेटर, लिफ्ट, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, साफ–सुथरे टॉयलेट्स, बेहतर रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इनका डिजाइन स्थानीय कला, इतिहास और संस्कृति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री का नाल हवाई अड्डे पर जवानों से संवाद का भी कार्यक्रम है। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर यहां तैयारियों का जायजा ले चुके है।

0000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेश भर में उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इनमें बडी संख्या मे लोग हिस्सा ले रहे है। इसी कडी में पाली, जालौर और जैसलमेर में आज तिरंगा यात्राएं निकाली गई। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री जोराराम कुमावत, पाली में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री अविनाश गहलोत ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेना के शौर्य पर देशभर में गर्व व्यक्त किया जा रहा है।

.....

उधर अजमेर में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष, वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित कई जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल रहे। भरतपुर में कल तिरंगा रैली निकाली जायेगी। ये रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई लक्ष्मण मंदिर चौक तक पंहुचेगी। सवाईमाधोपुर में 21 मई को निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर आज तैयारी बैठक आयोजित हुई।

**00000**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख देशों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है। उनसठ सांसदों वाले सात समूह 32 देशों का दौरा करेंगे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में एक सेवानिवृत्त राजनयिक भी शामिल होंगे।

**00000**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में अपने निवास पर महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण विधि प्रकरणों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस इस दौरान विधिक मामलों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और न्यायसंगत कार्यवाही सहित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया।

0000

श्रीगंगानगर में राजस्थान का पहला स्काउट गाइड एडवेंचर पार्क बनाया जायेगा। आज जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने जिला

मुख्यालय पर विधायक कोटे से बने स्काउट गाईड हॉल का भूमि पूजन किया। वहीं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नम्बर 11 में सवा दो करोड़ रूपये की लागत से बनाये गये भवन का लोकार्पण भी किया। शिक्षा मंत्री ने मौजूद जनसमूह को पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करने का भी संकल्प दिलवाया। इसके अलावा उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का भी आह्वान किया।

000

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ और पाली सांसद पी.पी. चौधरी सहित 17 सांसदो को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। उन्होंने जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने, नीतिगत चर्चाओं में भागीदारी तथा विधायी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने इनका चयन किया है। दो संसदीय स्थाई समितियों को भी यह पुरूस्कार दिया जायेगा। वित्त और कृषि दो स्थायी समितियों को भी संसद में प्रस्तुत उनकी रिपोर्टो के आधार पर चुना गया है।

0000

अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में सैलानियों के लिए नये सफारी रूट विकसित किये जायेंगे। ये रूट बाघों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाइगर कंजर्वेशन प्लान के तहत विकसित होंगे।

....

00000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न हादसों में 11 लोगों की मृत्यु हो गई। डूंगरपुर ज़िले में जीप और ट्रक की टक्कर से जीप सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गये। हादसे के शिकार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतक बाड़ीगामा बड़ी गांव के निवासी थे। वहीं चूरू जिले के सरदारशहर कस्बे में एक महिला और उसके तीन बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गयी। बंधनाऊ दिखनादा गांव में तालाब से उनके शव बरामद किये गये। उधर सवाई माधोपुर जिले में एक हादसे में मां–बेटी समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा खंडार क्षेत्र में कल एक पुराने सेफ्टी टैंक की पट्टियां गिरने से हुआ, जिसके मलबे में दबकर तीनों ने दम तोड दिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डूंगरपुर सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

00000

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क दिया गया। इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए किया जाता है। साथ ही शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना भी इस दिन का उद्देश्य है। प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। जोधपुर के राजकीय संग्रहालय में छाया चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। अलवर के सिटी पैलेस में स्थित संग्रहालय में भी आज निशुल्क प्रवेश दिया गया।

**0000**

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का असर बना हुआ है। दिन के साथ–साथ रात में भी तेज गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। बीते 24 घंटों में चार शहरों का तापमान 45 डिग्री के पास पंहुच गया। सबसे अधिक 46 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। पिलानी, फलौदी और चूरू सहित कई स्थानों पर हीट वेव के हालात रहे। ज्यादातर स्थानों पर दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म रही। 31 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ बीकानेर की रात सबसे गर्म रही। हनुमानगढ़, सवाईमाधोपुर, सलुंबर में तेज गर्मी के चलते दिन में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। भीलवाडा में आज बादल छाये रहने के बावजूद तेज गर्मी का असर बना हुआ है। वहीं बालोतरा में भी तेज गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित है।

.....

मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिनों में तापमान में बढोतरी होने और हीटवेव की स्थिति बने रहने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार अगले चार–पांच दिन बीकानेर, जोधपुर संभाग और शेखावाटी के कुछ क्षेत्रों में लू चलने की आशंका है। उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में 19 मई से अगले चार–पांच दिन कहीं–कहीं हल्की बारिश और आंधी चलने का पूर्वानुमान है।

00000

चित्तौड़गढ़ जिले में पुलिस ने कोटा नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। ये डोडा चूरा गेहूं के भूसे की आड़ मे ले जाया जा रहा था। इस मामले में पिकअप चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 29 कट्टों में सात क्विंटल डोडाचूरा भरा हुआ था। डोडा चूरा की कीमत 1 करोड़ रुपए से अधिक बतायी जा रही है।

00000

जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में रोड़ नंबर 17 पर आज सुबह प्लास्टिक के कबाड़ गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पांच दमकलों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सहायक अग्निशमन अधिकारी भंवर सिंह हाड़ा ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं।

0000